www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

वर्ष—9 अंक—300 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शनिवार 27 फरवरी 2021 पृष्ठ — 8 मूल्य—3 रूपया

## सीएम योगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए निर्देश, पंचायत चुनाव और त्योहारों पर बरती जाए विशेष सतर्कता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को पंचायत चुनाव और आने वाले त्योहारों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेशेवर अपराधियों और माफिया के खिलाफ अभियान चला कर कार्रवाई की जाए। सीएम बृहस्पतिवार को जोन के एडीजी, लखनऊ व गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नरों व मंडल के कमिश्नरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर रहे थे।

**उन्होंने कहा कि फील्ड और थाना स्तर पर तैनाती मेरिट के आधार पर की जाए।**

आने वाले दिनों में माघी पूर्णिमा, संत रविदास जयंती, महाशिवरात्रि, होली, शब—ए—बारात, बैसाखी, आंबेडकर जयंती, रामनवमी, महावीर जयंती और ईद उल फित्र जैसे त्योहार पड़ रहे हैं। इसे लेकर विशेष सतर्कता की जरूरत है। उन्होंने संपत्तियों पर कब्जा करने वाले माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहा है। सीएम ने अधिकारियों से कहा



कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखें और भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। किसी भी हाल में अफवाह फैलाने से रोका जाए।इस मौके पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

**गंगा एक्सप्रेस—वे के लिए भूमि खरीद 15 जून तक पूरी करें**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस—वे के लिए भूमि अधिग्रहण व खरीदने के काम 15 जून तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। वह बृहस्पतिवार को गंगा एक्सप्रेस—वे से संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों के साथ भूमि अधिग्रहण की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा किइस एक्सप्रेस—वे से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान मिलेगी। सरकार इसे जल्द से जल्द जनता को समर्पित करना चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव में राजस्व विभाग के कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने परियोजना के लिए एक अलग और डेडिकेटेड टीम बनाने के निर्देश दिए। जिससे भूमि खरीद की प्रक्रिया समय से पूरी हो सके। बैठक में कुछ जिलाधिकारियों ने अतिरिक्त मानव संसाधन की आवश्यकता बताई। सीएम ने मुख्य सचिव और राजस्व परिषद को अगले दो दिनों में इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस—वे के लिए भूमि की रजिस्ट्री करने वाले पहले 100 किसानों को सरकार सम्मानित करेगी। बैठक में यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने बताया कि एक्सप्रेस—वे के निर्माण लिए पीपीपी मोड पर अप्रैल में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे।

**मेडिकल कॉलेजों के लिए विकासकर्ता नियुक्त करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में 16 जिलों में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं हैं। वहां पीपीपी मोड पर कॉलेज की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इसके लिए उन्होंने जल्द विकासकर्ता नियुक्त करने के निर्देश दिए। वह बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा, इन मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी।

## भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र पर दुनिया का भरोसा बढ़ा: मोदी

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना से निपटने में भारत की भूमिका उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है। दुनिया को देश से बहुत उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को तमिलनाडु के डॉ. एम.जी.आर. चिकित्सा विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षांत समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में 21000 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित भी उपस्थित थे। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने डिग्री और डिप्लोमा प्राप्त करने वालों में 70 प्रतिशत से अधिक संख्या महिला उम्मीदवारों की देखकर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 21000 से ज्यादा विद्यार्थियों को डिग्री या डिप्लोमा दिया जा रहा है, जिसमें 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं। उन्होंने सभी स्नातकों को बधाई दी और महिला उम्मीदवारों की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं को देखना हमेशा खास होता है। जब ऐसा होता है तो यह गर्व का क्षण और खुशी का क्षण होता है। मोदी ने कहा कि कोरोना चुनौती के समय भारत ने ना सिर्फ रास्ता दिखाया बल्कि विभिन्न देशों की मदद भी की। आप ऐसे समय में स्नातक कर रहे हैं जब भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है। दुनिया को देश से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के लिए दवाओं और टीकों का उत्पादन कर रहा है। कोविड—19



में, भारत दुनिया में सबसे कम मृत्यु दर और उच्चतम स्वस्थ होने की दर में से एक है। उन्होंने कहा कि हम पूरे मेडिकल एजुकेशन और हेल्थकेयर सेक्टर में बदलाव कर रहे हैं। पिछले 6 वर्षों के दौरान एमबीबीएस सीटों में 30 हजार से अधिक की वृद्धि हुई, जो 2014 से 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। पीजी सीटों की संख्या में 24 हजार की वृद्धि हुई जो 2014 से लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि है। 2014 में, देश में 6 एम्स थे लेकिन पिछले 6 वर्षों में देश भर में 15 और एम्स स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों और संस्थान की सफलता ने महान एमजीआर को बहुत खुश किया होगा। मोदी ने याद किया कि एमजीआर का शासन गरीबों के प्रति दया से भरा था। महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण के विषय उन्हें प्रिय थे। उन्होंने कहा कि भारत श्रीलंका में हमारी तमिल बहनों और भाइयों के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने के लिए जाने जाते हैं जहां एमजीआर का जन्म हुआ था। भारत द्वारा वित्तपोषित एम्बुलेंस सेवा का श्रीलंका में तमिल समुदाय द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि सरकार ने तमिलनाडु में उन जिलों में 11 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की अनुमति दी है, जिनके पास मेडिकल कॉलेज नहीं है। इन मेडिकल कॉलेजों के लिए, भारत सरकार 2000 करोड़ रुपये से अधिक देगी। उन्होंने कहा कि बजट में घोषित पीएम आत्म निर्भर स्वच्छ भारत योजना प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा की क्षमताओं को बढ़ावा देगी ताकि नए और उभरते रोगों का पता लगाया जा सके।

## यातायात में बाधा के मद्दे नजर ट्रैफिक पुलिस के साथ राजधानी में साझा अभियान

अनिल कुमार सिंह
अवध की आवाज

लखनऊ। संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानूनएवं व्यवस्था पुलिस कमिशनरेट लखनऊ महोदय के आदेश अनुसार आज प्रवर्तन दल नगर निगम एवं यातायात पुलिस, यातायात में बाधा को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस के साथ साझा अभियान चलाया गया। जिसके तहत चौराहे पर खड़े सैकड़ो की संख्या में गाड़ियों पर चालान काटा गया साथ ही जोन 5 में 21,200/— नियमानुसार जुर्माना भी लिया। यह अभियान पूरे शहर में चलाया गया। । अभियान, प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में जिसमे ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर ए के मिश्रा, ई0 टी0 एफ0 टीम लीडर अनुरुद्ध कुमार, सत्य भूषण मिश्रा, मनोज कुमार





श्रीवास्तव व राजेश कुमार सिंह,सभी सदस्यों के साथ पी0 आर0 डी 0 के मौजूदगी मे चलाया गया। अभियान चंदन नगर से आलमबाग एवं के0 के0 सी 0 से बर्लिंटन चौराहे तक चलाया गया।





लखनऊ। चंद्र शेखर यादव जोनल अधिकारी रवद–7 के नेतृत्व मेंगाजीपुर थाने केसहयोग से अतिकमण अभियान चलाया गया। जिसमें कुकरैल,फैजाबाद रोड से भूतनाथ मार्केट, पोलिटेक्निक चौराहे के पास, मुंशी पुलिया के आस पास एवं विकास नगर थाने के सहयोग से सेक्टर 6 में भारी विरोध के बीच अतिकमण अभियान चलाया गया। 1 ट्रक सामान जब्त किया गया तथा साथ ही रूपये 149000.00 का जुर्माना बसूला गया। उक्त अभियान में कर अधीक्षक आर0 एस0 कुशवाहा,राजस्व निरीक्षक राजा भैया,विवेक सिंह एवंनगर निगमजोन–7 अन्य स्टाफ अतिरिक्त एस एच ओ गाजीपुर व विकास नगर मौके पर मय फोर्स उपस्थित रहे। रिपोर्ट अनिल कुमार सिंह अवध की आवाज

# आगामी पंचायत चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

इरशाद अहमद के साथ
प्रेम सिंह पारस
अवध की आवाज

कानपुर महानगर। भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर उत्तर के केंद्रीय कार्यालय नवीन मार्केट में आगामी पंचायत चुनाव करने वाले पदाधिकारियों के संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले संबंधियों को पंचायत चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों को विजय दिलाने में कोई कोर कसर ना छोड़ने



को लेकर जिला अध्यक्ष सुनील बजाज जी की अध्यक्षता में एक महत्व पूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष सुनील बजाज जी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों अनुसार कानपुर महा नगर जिले के अंतर्गत निवास करने वाले अनुभवी पदाधिकारियों को जिला पंचायत के चुनाव में प्रभारी के रूप में भेजा जाएगा। पार्टी पंचायत के चुनाव को आगामी विधान सभा चुनाव का सेमी फाइनल मानते हुए। पूरे जोशो खरोश से चुनाव लड़ेगी। कानपुर नगर में निवास को कहा। पंचायत चुनाव में कानपुर महा नगर उत्तर से जाने वाले भाजपा कार्यकर्ता कानपुर ग्रामीण जिले द्वारा आवंटित जिला पंचायत की सीट पर पूरे मनोयोग से चुनाव की योजना रचना तय करेंगे। उक्त बैठक में प्रमुख रुप से सर्व सुनील बजाज विदेश त्रिपाठी संतोष शुक्ला राजू शर्मा पारस मदान सत्यम गुप्ता रिचा सक्सैना श्यामू तिवारी सचिन शुक्ला रोहित साहू सत्यम शुक्ला विनोद सोनकर परमानंद शुक्ला रवि सिंह आदि रहे।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र पंडरी कृपाल व उसके अधीन विद्यालयों में चल रहा खेल

## एडी बेसिक ने कहा मामला संज्ञान में है होगी कार्यवाही

सुरेश कुमार तिवारी
अवध की आवाज

कहोबा चौराहा गोंडा। योगीराज में अधिकारियों की मिलीभगत कहें या रहमदिली के चलते विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा बगैर अवकाश लिए ही बारी बारी विद्यालय व ब्लॉक संसाधन केंद्र से नदारद रहने का मामला प्रकाश में आया है। शिक्षा क्षेत्र पंडरी कृपाल ब्लॉक संसाधन केंद्र में करीब साढ़े 11 बजे पहुंचने पर वहां कार्यरत कर्मचारी नरेंद्र रस्तोगी व सुनील तिवारी नदारद रहे। तत्पश्चात पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुभागपुर में करीब साढ़े 11 बजे पहुंचने पर वहां शिक्षण कार्य जारी रहा। करीब 12 बजे मॉडल स्कूल चोर सिहा पहुंचने पर वहां अध यापक विनीता वर्मा सहित अन्य मौजूद रहीं। त्पश्चात करीब डेढ़ बजे कंपोजिट विद्यालय रमवापुर श्याम पहुंचने पर वहां की अध्यापिका आरती देवी व ज्योति अनुपस्थिति मिलीं। बताया तो यह भी जाता है कि यहां पर कार्यरत अध्या पिका सुनीता गुप्ता प्रतिदिन 10 से 11 बजे तक विद्यालय में आती है और मनमानी समय पर वापस लौट जाती हैं जिसकी पूर्ण जानकारी अधिकारियों को होने के बावजूद न जाने किस मोह पास वश कार्यवाही नही की जा रही है। करीब 02 बजे पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिसई तिकरिया पहुंचने पर वहां कार्यरत 06 शिक्षकों में से मात्र 03 ही शिक्षक मौजूद मिले नदारद अन्य तीन शिक्षकों की जानकारी लेने पर प्रध



ाानाध्यापक द्वारा सही जानकारी नही दिया जा सका जो जांच का विषय है। अगर चर्चा की मानें तो बी ई ओ यहां काफी दिनों से कार्यरत हैं जिससे उनका और शिक्षकों की मेल मिलाप इस कदर हो चुका है कि उनके द्वारा ना तो औचक निरीक्षण ही किया जाता और न ही कार्यवाही ही किया जा सकता है यदि खामियां दूर करना है तो उच्चाधिकारियों द्वारा उपरोक्त विद्यालयों का औचक निरीक्षण करना शिक्षा हित में होगा। मामले की जानकारी देने पर एडी बेसिक विनय मोहन वन ने कहा कि पूर्व से ही मामला हमारे संज्ञान में हैं कार्यवाही की जाएगी।


# नगर पंचायत महोना में तालाबों की नीलामी में घोर अनियमितताएं अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से

संवाददाता

इटौंजा लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील की नगर पंचायत महोना के पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज के प्रवक्ता मोहम्मद अकील खान ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत महोना की अधि ाशासी अधिकारी शिरीष मिश्रा एवं अध्यक्ष की मिलीभगत से सरकारी तालाबों को अपने चहेतों को औने पौने दामों में नीलाम कर दिया जबकि नियम यह है कि नगर पंचायत महोना के अंदर नीलामी के दिनांक और समय का सार्वजनिक मुनादी कराना होता है और तीन बार बोली लगवाने के बाद ही सबसे ज्यादा पैसों की बोली लगाने वाले के नाम फाइनल किया जाता है। जब कि खमगढ़हा तालाब को नीलामी पर खरीदने वाले बहुत से लोगों ने बताया की नगर पंचायत महोना प्रशासन ने गुपचुप तरीके से नीलामी का काम अपने चहेते लोगों को कर दिया है। महोना की जनता को पता तक नहीं चला तालाबों की नीलामी हो या अन्य किसी सार्वजनिक सरकारी नीलामी हो। इसकी जानकारी नगर पंचायत महोना के निर्वाचित सदस्यों एवं नामित सदस्यों को भी नहीं दी जाती है न सदस्यों को मालूम है कि तालाबों की



नीलामी कब और कैसे हुई। जबकि दसियों ठेकेदारों के द्वारा सरकारी तालाबों की नीलामी में भाग लेने के इच्छुक थे। मत्स्य पालन का कारोबार करने वाले अन्य लोगों ने बताया कि नगर पंचायत महोना प्रशासन चोरी छुपे अपने चहेतों को सरकारी तालाबों को नीलाम कर दिया गया है। अन्य मत्स्य पलकों को इसकी जानकारी तक नहीं हुई पूर्व सभासद एवं जिला नीति आयोग के सदस्य मोहम्मद अकील खान ने नगर पंचायत महोना प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि महोना प्रशासन भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। राज्य सरकार के नियमों का पालन नहीं होता है। क्योंकि इनके पास नगर पंचायत बख्शी का तालाब एवं नगर पंचायत महोना का अधिशासी अधिकारी का चार्ज है इसलिए भ्रष्टाचार का बोलबाला है। लोगों ने इन अनियमितताओ पर कहा कि। सैंया भैये कोतवाल तो अब डर काहे का।



उन्नाव। उन्नाव अचलगंज थाना क्षेत्र से आ रही है बड़ी खबर वेदर चौकी के अंतर्गत एक युवक ने घर में फांसी के फंदे से झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूत्रों के मुताबिक मालूम हुआ मृतक सुसाइड पत्र में जिला अधिकारी महोदय के लिए कुछ लिखा है जिसकी जांच पड़ताल करते अचलगंज प्रभारी निरीक्षक।

# वैशाली जिले में 15 घर जलकर राख, एक बुजुर्ग समेत 10 दुधारू पशुओं की जलकर मौत

हाजीपुर, (वेबवार्ता)। बिहार के वैशाली जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात करीब 15 घरों में आग लगी थी। आग लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। इस घटना में करीब 10 दुधारू पशु भी जलकर मर गए हैं। भगवानपुर के थाना प्रभारी आलोक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि रघु असोई गांव में गुरुवार की रात एक घर में आग लग गई। आग ने तत्काल कई घरों और बथानों (पशुओं को रखने की जगह) को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की मदद से आग पर दो घंटे में काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में मनत पासवान (65) की झुलसने से मौत हो गई जबकि एक 15 वर्षीय एक लड़का झुलसकर जख्मी हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 10 दुधारू पशुओं की भी मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि आग शायद ढिबरी से लगी होगी और फिर असपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# हत्या के वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना अजगैन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 60/21 धारा 302/201 भा0द0वि0 में वांछित अभियुक्त 1. प्रेम पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम भितरेपार थाना अजगैन उन्नाव, 2. दया शंकर पुत्र स्व0 श्रीकृष्ण उर्फ कन्हैया निवासी ग्राम बिचपरी थाना अजगैन उन्नाव को थाना अजगैन पुलिस व स्वॉट / सर्विलॉस टीम उन्नाव द्वारा मय आला कत्ल रस्सी, मोबाइल, गहनें एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है ।



# पिटाई से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

बांदा (उप्र), (वेबवार्ता)। जिले के गिरवां क्षेत्र स्थित हुसेनपुर गांव में एक युवक ने पड़ोसियों द्वारा कथित तौर पर पीटे जाने से क्षुब्ध होकर बृहस्पतिवार की शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गिरवां थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अर्जुन सिंह ने शुक्रवार को बताया कि हुसेनपुर गांव में बृहस्पतिवार की शाम युवक इमामी (20) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने युवक की मां हसीना के हवाले से बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर मामूली झगड़े में पड़ोसियों ने उसकी पिटाई कर दी थी, जिससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या कर ली। एसएचओ ने बताया कि युवक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच आरंभ कर दी गई है।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्तगिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया ।



# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी जोरों पर

अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी/हरदोई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी की जिला पंचायत के वार्ड प्रथम की कामकाजी बैठक आज सहादतनगर के शौर्य पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए वार्ड प्रभारी एवं अल्पसंख्यक मोर्चे के क्षेत्रीय अध्यक्ष असद हुसैन ईराकी ने कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव की बारीकियां बताते हुए कहा कि पार्टी ने तय किया है कि पंचायत चुनाव के माध्यम से पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ाने में प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि एक एक ग्राम पंचायत में विधायक निधि से अधिक राशि सरकार देती है इसलिए उस राशि से गांवों का भरपूर विकास कराने के लिए पंचायतों में ईमानदार प्रतिनिधि चुने जाने चाहिए और यह गुण भाजपा कार्यकर्ताओं में ही पाया जाता है। पंचायत चुनाव के ब्लाक संयोजक अवधेश रस्तोगी ने कार्यकर्ताओं को आनेवाले दिनों में संपन्न किए जानेवाले सांगठनिक कार्यों की जानकारी दी। वार्ड संयोजक कुशी वाजपेयी ने पंचायत चुनाव की अहमियत बताते हुए कहा कि हर चुनाव लड़ना और जीतना भाजपा के लिए आवश्यक हो गया है। हम लोग भारी संख्या में पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत के लिए कटिबद्ध हो गए हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन महामंत्री कुलदीप मिश्रा ने किया।बैठक में बृजेश गुप्ता, नागेंद्र सिंह, मनोज सिंह (प्रमुख प्रतिनिधि), सोनू सिंह, श्यामाकांत शुक्ला, गौरव गुप्ता, राम बख्श, चंद्र कुमार सिंह, रमेश चंद्र मिश्रा एवं भारी संख्या में ग्राम पंचायत प्रमुख उपस्थित रहे।



# 3 लाख 11000 हजार की समर्पण राशि जय श्री राम का जयघोष के साथ प्रभु राम के मंदिर निर्माण के लिए समर्पित

इरशाद अहमद के साथ प्रेम सिंह पारस अवध की आवाज

कानपुर महानगर। श्री राम जन्मभूमि समर्पण निधि अभियान के अंतिम चरण के दिनों में क्षेत्र में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अभियान के नियमित आज संघ के सह प्रांत कार्यवाह भवानी जी के साथ भाजपा कानपुर महानगर उत्तर जिला अध्यक्ष सुनील बजाज एवं जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा ने सघन जन संपर्क किया। जिसके चलते पांडव नगर में भाटिया परिवार से 85 वर्षीय माताजी सुलोचना भाटिया ने अपने पुत्रों राजेश , मुकेश, विमल, एवं बहू अलका, सोनिया के साथ मिलकर रू0 3 लाख 11000 हजार की समर्पण राशि जय श्री राम का जयघोष के साथ प्रभु राम के मंदिर निर्माण के लिए समर्पित की। माननीय भवानी ,सुनील बजाज , जीतेंद्र शर्मा, सत्य नाथ पांडे ,विवेक त्रिपाठी मनजीत सिंह ,एवं श्यामू तिवारी आदि साथ रहे।



# लाखों लोगों को जमा बिजली बिल की राशि जोड़कर भेजा नया बिल, उपभोक्ताओं में हड़कंप

लखनऊ। इस महीने के बिजली बिल ने लाखों उपभोक्ताओं की धुकधुकी बढ़ा दी। हुआ ये कि कई उपभोक्ताओं को पिछले महीने के जमा बिल की राशि जोड़ते हुए इस महीने का बिल भेज दिया गया। इससे हड़कंप मच गया। मामला पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन तक पहुंचा तो छानबीन में पता चला कि बिलिंग एजेंसी के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी से ये गलती हुई है। पावर कॉर्पोरेशन के सीएमडी ने इन बिलों को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं के पास जब बीते माह जमा बिल की भी राशि जुड़कर पहुंची तो हड़कंप मच गया। लोग बिल ठीक कराने के लिए बिजली दफ्तरों का चक्कर काटने लगे। इसकी खबर मिलते ही राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने कई उपभोक्ताओं के बिल के साथ पावर कॉर्पोरेशन के सीएमडी एम देवराज व निदेशक (वाणिज्य) एके श्रीवास्तव से शक्ति भवन में मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। छानबीन के बाद पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने भी माना कि यह गलत हुआ है और बिलिंग सॉफ्टवेयर में जल्द सुधार का आश्वास दिया। अध्यक्ष ने इस मामले पर मध्यांचल के प्रबंध निदेशक से भी बात की और राहत दिलाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि भले बिजली बिल में बकाए के रूप में दर्शाई जा रही जमा राशि वसूली नहीं जा रही, लेकिन यह बड़ी चूक है जिससे उपभोक्ताओं को बेवजह तनाव झेलना पड़ रहा है। उपभोक्ता परिषद ने सीएमडी का ध्यान उपभोक्ताओं के घर पर उपलब्ध कराए जा रहे बिलों की तरफ पर भी दिलाया। बताया कि उपभोक्ताओं को जो बिल मिल रहा है उसमें केवल यूनिट और पूरा भुगतान दिखाया जा रहा जबकि उसमें फिक्स्ड चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, एनर्जी चार्ज सबकी अलग–अलग राशि दिखनी चाहिए। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने इस पर उपभोक्ता परिषद से सुझाव मांगा है जिससे बिल के प्रारूप का सरलीकरण किया जा सके।

# ट्रक में पीछे से रोडबेज बस की टक्कर, 10 यात्री घायल

गोंडा। गोंडा में कोतवाली करनैलगंज के बालपुर चौकी के निकट रेरूवा पुल के पास कानपुर से आ रही गोंडा डिपो की बस ट्रक के पीछे घुस गयी, जिससे बस में सफर कर रहे 10 लोग घायल हो गये। बालपुर चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चौकी प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे कानपुर से आ रही गोंडा डिपो की बस रेरूवा पुल के पास ट्रक में पीछे से टक्कर हो गया, जिससे ट्रक चालक पंकज पाठक (45) तथा थाना धानेपुर निवासी परशुराम मिश्र (46), वजीर मोहमद (43), कानपुर थाना रायपुर खां निवासी निर्मल शुक्ल (36), बाराबंकी निवासी राधा (40) व रमेश कश्यप (42), परवीन (30) थाना उत्तरौला जनपद बलरामपुर, कानपुर निवासी धीरेंद्र सिंह(47), कानपुर देहात




निवासी संजीव सिंह (45) व थाना मिर्जापुर उन्नाव निवासी अजय सिंह (46) गम्भीर घायल हो गये। चौकी के सिपाही अनुज अवस्थी व जगेश्वर गौड ने जेसीबी बुलाकर सभी घायलों को बस से बाहर निकलवाया तथा सभी घायलों को पुलिस अपने वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां सभी की हालत नाजुक बनी हुई है। आसपास के लोगों ने बताया कि ट्रक के आगे अचानक एक जानवर आ जाने से ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे पीछे आ रही बस ट्रक भिड़ गई।

# छह वर्ष बाद अचानक अड़गड़ानंद आश्रम पहुंचे अखिलेश यादव, प्रोटोकाल में नहीं था सक्तेशगढ़ आश्रम जाना

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव छह वर्ष बाद मिर्जापुर जिले के सक्तेशगढ़ स्थित अड़गड़ानंद आश्रम पहुंचे। आश्रम पहुंच कर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का आशीर्वाद



लिया। इससे पूर्व वे बतौर मुख्यमंत्री छह वर्ष पूर्व आश्रम गए थे।अखिलेश यादव के अचानक आश्रम दौरे और अड़गड़ानंद महाराज से गुप्त वार्ता को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। बतौर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव चार मार्च 2015 को सक्तेशगढ़ आश्रम गए थे। उस समय उन्होंने आश्रम से अपनी सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के बारे में बताया था। पूर्व मुख्यमंत्री शुक्रवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए आ रहे थे। इसके अलावा उनका कोई अन्य कार्यक्रम निर्धारित नहीं था। वे कब–कहां जाएंगे, इस बारे में कोई पूर्व निर्धारित कार्यक्रम नहीं था। ये भी हो सकता है कि उनके अन्य कार्यक्रम को गुप्त रखा गया था। अखिलेश यादव विधानसभा चुनाव 2022 के मद्देनजर मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर तैयारी में लग गए हैं। शुक्रवार को वाराणसी से भदोही के औराई होते हुए मिर्जापुर नगर के सबरी स्थित सांई गार्डेन में आना था, पर वे वाराणसी से चुनार होते हुए सक्तेशगढ़ आश्रम पहुंच गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम से पहले अचानक सक्तेशगढ़ आश्रम पहुंच कर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का आशीर्वाद लिया।

# डीजल-पेट्रोल की बढ़ी कीमतों से नाराज ट्रांसपोर्टरों ने खड़े किए ट्रक



लखनऊ। डीजल–पेट्रोल की बढ़ी कीमतों से नाराज ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के एक दिवसीय हड़ताल के आह्वान पर ट्रांसपोर्टर ने संचालन ठप कर दिया है। हड़ताल के चलते ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक खड़े है। गौरतलब है कि ट्रांसपोर्टरों के अखिल भारतीय संगठन के आह्वान पर शुक्रवार को डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में लखनऊ में भी ट्रकों के चक्का जाम करने की घोषणा की गई थी। इसके कारण शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर में माल की बुकिंग और अनलोडिंग नहीं होगी। लखनऊ गुड्स एसोसिएशन और द ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन एक दिवसीय बंदी में शामिल रहेंगे। बृहस्पतिवार को ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्टरों की बैठक में अध्यक्ष संतोष जैन ने कहा कि एक जनवरी से सड़क परिवहन के लिए ईवे–बिल की समय सीमा आधी किए जाने और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी के खिलाफ ट्रक ऑपरेटर एक दिन हड़ताल पर हैं। एसोसिएशन के महामंत्री पंकज शुक्ल ने कहा कि आज सभी ट्रांसपोर्टर हड़ताल पर हैं। वहीं, द ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण अवस्थी ने बताया कि इस बंदी का पूरा समर्थन है। उधर, बहराइच में बंद का कोई असर नहीं रहा।

# पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने दी नौदीप कौर को नियमित जमानत

## हरियाणा पुलिस ने 12 फरवरी किया था गिरफ्तार, करनाल जेल में थी बंद

चंडीगढ़, (वेबवार्ता)। किसान आंदोलन के दौरान गिरफ्तार की गई पंजाब की श्रमिक कार्यकर्ता नौदीप कौर को शुक्रवार को पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। वह 12 जनवरी से हरियाणा की करनाल जेल में बंद है। नौदीप ने हाई कोर्ट में याचिका दायर करके आरोप लगाया था कि राज्य पुलिस ने उसको फर्जी केस में फंसाया है, इसलिए उसे नियमित जमानत दी जाए। पंजाब के मुक्तसर साहिब के तहत गांव ग्यानंदर की रहने वाली नौदीप कौर को सोनीपत पुलिस ने 12 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उन पर कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में हत्या का प्रयास और अवैध वसूली के आरोप हैं। नौदीप कौर हरियाणा के कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में उन मजदूरों के साथ मिलकर विरोध–प्रदर्शन कर रही थीं जिनके वेतन लंबित थे। पुलिस ने उन्हें वहीं से गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए। उन पर हत्या की कोशिश के लिए के तहत मामला दर्ज किए गया। आरोप है कि नौदीप कौर ने पुलिस वालों पर लाठियों से हमला किया। इन दिनों वह करनाल जेल में बंद है। यह मामला तब गंभीर हो गया था, जब यह खबरें आई थी कि नौदीप कौर का शोषण किया जा रहा है। इसके बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौदीप को न्याय दिलाने को लेकर मुहिम शुरू हुई है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत को बताया कि उनके पास फुटेज हैं जिसमें कौर पुलिस के खिलाफ लोगों को भडका रही थी। वह पुलिस को सबक सिखाने की बात कर रही थी। शुक्रवार को इस केस की सुनवाई के दौरान जज अवनीश झिंगन की अदालत ने उन्हें नियमित जमानत प्रदान कर दी। इसी दौरान दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि जमानत बांड भरकर नौदीप कौर को रिहा करवा लिया जाएगा।

# नेपाल सीमा पर 4.5 करोड़ रुपए की चरस पकड़ी गई, चार महिलाएं गिरफ्तार

बहराइच (उप्र), (वेबवार्ता)। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान में नेपाल की चार महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 किलोग्राम से अधिक चरस बरामद की गई है। बहराइच के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि थाना मोतीपुर अंतर्गत मिंहीपुरवा बस स्टैंड से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक जगह से नेपाल की तीन महिलाओं को 10 किलोग्राम से अधिक चरस सहित गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं ने अपनी पहचान नेपाल के पूर्वी रुकुम जिला निवासी रंजीना रोका, मंजू रोका व सिर्जना रोका के रूप में बतलाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एसएसबी और पुलिस के संयुक्त गश्ती दल ने नेपाल के रोलपा जिले की रहने वाली मनीषा को पांच किलोग्राम से अधिक चरस सहित गिरफ्तार किया है। मिश्रा ने बताया कि दोनों स्थानों से बरामद 15 किलोग्राम से अधिक चरस की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब साढ़े चार करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि चारों महिलाएं दिल्ली जाने की फिराक में थीं। एसएसपी ने बताया कि उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस की दोनों टीमों को जिला पुलिस ने 25–25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।

# सम्पादकीय

## सोशल मीडिया का बड़ा एजेंडा

सोशल मीडिया की आजकल सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। जबसे कर्नाटक की एक लड़की दिशा रवि की टूलकिट प्रकाश में आई है, तब से यह चर्चा भारत में ज्यादा जोर पकड़ रही है। न्यू मीडिया या अन्य नामों से यह मीडिया विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम का हिस्सा भी बन रहा है। बड़ी–बड़ी कंपनियां सोशल मीडिया के लिए मंच प्रदान करती हैं। फेसबुक, यू–ट्यूब, ट्विटर इत्यादि इसी प्रकार की कंपनियां हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया पर इन कंपनियों का किसी न किसी प्रकार से प्रत्यक्ष या परोक्ष नियंत्रण रहता है। लेकिन फिलहाल इस प्रकार की सभी कंपनियां विदेशी मूल की ही हैं। यह ठीक है कि उनमें बहुत से भारतीय मूल के लोग भी काम करते हैं, लेकिन नीति निधारण का काम मालिकों के हाथ में ही होता है, इसमें संशय नहीं है। कुछ कंपनियां ऐसी भी हैं जो आपके आगे ज्ञान का भंडार खोल कर रख देती हैं। ऐसे सर्च इंजन बहुत प्रभावी हैं। गूगल उन्हीं में से एक सर्च इंजन है। लेकिन इन इंजनों के ज्ञान की भी एक दिशा रहती ही है। उनका ज्ञान परोसने की अपनी उद्देश्य युक्त पद्धति है। ऊपर से देखने पर यह दृश्य बहुत मनोहर दिखाई देता है। पूरा विश्व एक बड़े परिवार जैसा। लेकिन इसकी भावना विश्व परिवार जैसी नहीं है, जिसका हम लोग भारत में बैठ कर 'वसुधैव कुटुम्बकम' के नाम से जाप करते रहते हैं। इन कंपनियों की भावना कहीं न कहीं अपने साम्राज्य को बढ़ाने की आकांक्षा में ही छिपी हुई है। कहा भी गया है, जैसी जाकी भावना तैसी सिद्धि होय। इन विदेशी कंपनियों की भावना पूरे विश्व को परिवार बनाने की नहीं, बल्कि पूरे विश्व पर वैचारिक दृष्टि से कब्जा करने की ही है। सूत्र में कहा जाए तो यूरोप का एजेंडा वही है जिसके चलते स्पेन, पुर्तगाल, फ्रांस और इंग्लैंड ने कभी विश्व के अधिकांश भूभाग पर कब्जा कर लिया था, लेकिन उसका तरीकघ बदल गया है।

सैम्युएल हैमिंगटन जिसको क्लैश आफ सिविलाइजेशन या सभ्यताओं का संघर्ष कहता है, यह एक प्रकार से सभ्यताओं का संघर्ष ही है। अंतर केवल इतना है कि पहले यह अब्राहम सभ्यताओं के बीच ही होता था। भारत की सभ्यता और संस्कृति इन लड़ रही सेनाओं की गिनती में नहीं थी। उसका कारण इस संस्कृति का संकुचन हजारों वर्ष में सिकुड़ते–सिकुड़ते जम्मू द्वीप के एक हिस्से तक ही रह गया था। सभ्यता के संघर्ष में लगी सेनाओं ने इसे इस हिस्से से भी मिटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। यह प्रक्रिया तो अंग्रेजों के भारत में आने के बाद ही शुरू हो गई थी। लेकिन यूरोप इस बात पर प्रसन्न था कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद भी भारत की सरकारों ने इन प्रक्रियाओं को जारी रखा। सेक्युलिरिजम के नाम पर भारत सरकार ने भारत की संस्कृति को ही आधिकारिक तौर पर नकार दिया। इसलिए सभ्यताओं के संघर्ष में लगी सेनाएं भारत और भारत सरकार की ओर से निश्चिंत हो गई थीं। सोनिया गांधी के भारत में आ जाने से उनकी यह निश्चिंतता और भी बढ़ गई थी। लेकिन तभी विश्व की राजनीति में दो घटनाएं घटीं। पहली तो अमरीका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर एक सभ्यता के पोषकों ने आक्रमण कर दिया। अब तक यूरोप के सांस्कृतिक साम्राज्यवाद को दुनिया भर में फैलाने का दायित्व वैसे भी अमरीका ने संभाल लिया था क्योंकि विश्व की राजनीति और संघर्ष में यूरोप थोड़ा अस्वस्थ हो गया था। अमरीका पर हुए इस आक्रमण ने सभ्यताओं के इस संघर्ष को तेज तो कर दिया, लेकिन इसी बीच विश्व रंगमंच पर एक और घटना हो गई। जम्बू द्वीप के भारत खंड में भारतीय जनता पार्टी का राज आ गया। भारत की सांस्कृतिक शक्तियां राजनीति के केंद्र बिंदु में आ गईं। अभी तक हाशिए में बैठे भारत ने भी विश्व राजनीति में अपने सांस्कृतिक आधार पर अपनी भूमिका तलाशनी शुरू कर दी। किसी सरकार ने पहली बार मांग की कि योग का प्रचार करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व स्तर पर योग दिवस मनाए। संयुक्त राष्ट्र को यह स्वीकार भी करना पड़ा। भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की भारत में ही पुनर्स्थापना होने लगी। अयोध्या में शताब्दियों पहले सभ्यताओं के संघर्ष में ही गिरा दिए गए राम मंदिर का पुनर्निर्माण होने लगा। गुजरात में स्टेच्यु आफ यूनिटी उभर कर सामने आया। दक्षिण पूर्व एशिया के बौद्ध देशों से आना–जाना बढ़ने लगा।

स्वाभाविक था सभ्यताओं के संघर्ष में लगी अब्राहमी सेनाओं का ध्यान एक बार फिर भारत की ओर गया। किसी भी तरीके से भारत की राजनीति के केंद्र में पहुंच चुकी सांस्कृतिक शक्तियों को किसी भी तरीके से अपदस्थ करना होगा। शायद शुरू में उन्हें लगता होगा कि नरेंद्र मोदी एक–आध पारी खेल कर निकल लेंगे। लेकिन अब लगता है कि दर्शक उन्हें इतनी जल्दी निकलने नहीं देंगे। सभ्यताओं के संघर्ष में लगी अब्राहमी सेनाओं की सबसे बड़ी चिंता यही है। इसलिए अब उनके निशाने पर भारत है और इस लड़ाई में सोशल मीडिया के नाम से मोर्चा संभाल रही विदेशी कंपनियां भी अपने मोर्चे संभाल चुकी हैं। बाबा साहिब अंबेडकर ने संविधान सभा में दिए गए अपने अंतिम भाषण में इसी का अंदेशा जाहिर किया था। उन्होंने कहा था कि अपने देश के कुछ लोग भी बाहर वालों के साथ मिल जाते हैं। विदेशी कंपनियों द्वारा संचालित सोशल मीडिया की यह खूबी भी है कि वे इनकी शिनाख्त नहीं होने देतीं। भारत के लोगों को विदेशी कंपनियों के इरादों को समझना होगा। भारत की संस्कृति का प्रचार–प्रसार तेज करना होगा। वसुधैव कुटुंबकम वाली भारत की संस्कृति को विश्व भर में मान्यता प्राप्त है। भारत में विकसित योग को भी विश्व को मान्यता देने के लिए विवश होना पड़ा है। यह भारतीयों के लिए गर्व की बात होनी चाहिए। पश्चिमी संस्कृति के फैलाव का इरादा रखने वाली ताकतों को भारतीय ही जवाब दे सकते हैं। भारत को अपनी समस्याओं का समाधान भारतीय संदर्भ में करना होगा। कभी विश्व गुरु माने जाने वाला भारत इतनी ताकत तो रखता ही है कि वह अपनी समस्याओं का समाधान भारतीय संदर्भ में निकाले। विदेश के आगे गिड़गिड़ाने की जरूरत भारत को नहीं होनी चाहिए। हमें विदेशी कंपनियों के इरादे सफल नहीं होने देने हैं। अगर ये इरादे सफल रहे तो भारत सांस्कृतिक रूप से गुलाम हो जाएगा।

# बंगाल में सक्षम नेतृत्व की सार्थक तलाश जरूरी

आज पश्चिम बंगाल के चुनाव का मुद्दा राष्ट्रीय चर्चा एवं चिन्ता की प्राथमिकता लिये हुए है। संभवतः आजादी के बाद यह पहला चुनाव हैं जो इतना चर्चित, आक्रामक होकर राष्ट्रीय अस्मिता एवं अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। इसलिये जरूरी है कि अब पश्चिम बंगाल पर औपचारिक या राजनीतिक लाभ वाले भाषण नहीं हों। जो कुछ हो वह साफ–साफ हो। एक राय का हो। पश्चिम बंगाल की अखण्डता, लोकतांत्रिक समाधान और उसे शांति एवं समृद्धि की ओर ले जाना देश की प्राथमिकता की सूची में पहले नम्बर पर होना चाहिए। देश के अल्पसंख्यक क्यों भूल जाते हैं कि पश्चिम बंगाल सुरक्षित नहीं तो वे कैसे सुरक्षित रह सकते हैं, उनका मौन बहुत बड़ा अहित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत संकल्प शक्ति के कारण जम्मू–कश्मीर की फिजां बदली है। उनकी राष्ट्रीयता एवं उसे मजबूती देने का संकल्प उनका सबसे बड़ा राजनीतिक गुण है और यह बात आम मतदाता को आसानी से समझ भी आती है। निस्संदेह, हर इंसान की कुछ न कुछ चाहत होती है, लेकिन उसे कामयाबी तभी मिलती है, जब उसकी इच्छाशक्ति मजबूत हो। आज पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के सशक्तीकरण एवं राजनीतिक परिवर्तन की अपेक्षा सभी कोई महसूस कर रहे हैं। इसी अपेक्षा के रथ पर भारतीय जनता पार्टी सवार होकर इसे एक चुनौती के रूप में लिया है और इसी अनुरूप चुनावी संकल्पों की संरचना एवं रणनीति बनाने में वह जुटी है। इसी कारण पश्चिम बंगाल ऐसे ही संकल्पों का रणक्षेत्र बन गया है। भाजपा ने जिस तरह से इसे कुरुक्षेत्र का मैदान बना दिया है, यहां परिवर्तन लाना और ममता बनर्जी का राजनीतिक नियंत्रण खत्म करना भाजपा का सबसे बड़ा लक्ष्य है। यही कारण है कि गृहमंत्री एवं पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले सबसे कद्दावर नेता अमित शाह लम्बे समय से अपनी सारी शक्ति, सोच एवं ऊर्जा पश्चिम बंगाल में खपा रहे हैं। निश्चित ही उनके हर दिन के प्रयत्न पार्टी में कुछ नया उत्साहपूर्वक परिवेश बना रहे हैं, पार्टी की जीत को सुनिश्चित कर रहे हैं। बावजूद इसके पार्टी नेतृत्व जानता है कि ममता को कमतर आंकना उसकी भूल साबित होगी। ममता बनर्जी एक जुझारू एवं जमीन से जुड़ी नेता हैं। उसका एक राजनीतिक वजूद है, जनता पर उसकी पकड़ है। उसकी स्वतंत्र सोच है, जीत किस तरह सुनिश्चित की जा सकती है, यह गणित उसे भलीभांति आता है। उसे परास्त करना एक बड़ी चुनौती है।

भाजपा ने स्वल्प समय में सफलता के नये कीर्तिमान गढ़े है, नरेन्द्र मोदी ने तो अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता, नेतृत्व क्षमता एवं कौशल से अनेक अनूठे एवं राजनीतिक कीर्तिमान गढ़े ही है। लेकिन जब अमित शाह भाजपा के अध्यक्ष बने थे, तभी उन्होंने संकल्प व्यक्त किया था कि भाजपा को अखिल भारतीय पार्टी बनाना एवं गैरभाजपा प्रांतों में भाजपा की सरकारें बनाना उनका सपना है। उन्होंने साफ–साफ कहा था कि पूर्व और दक्षिण में भाजपा कमजोर है, जिसे मजबूत बनाने की तरफ ध्यान दिया जाएगा। आज पूर्वोत्तर तक में पार्टी पहुंच गई है, जबकि दक्षिण में कर्नाटक में उसका झंडा लहरा रहा है। ऐसे में, स्वाभाविक तौर पर उनकी नजर पश्चिम बंगाल पर है, जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील और सांस्कृतिक रूप से बेहद उर्वर राज्य है।

असम में भाजपा की सरकार है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में एक रैली को संबोधित करते हुए संकेत दिया कि मार्च 2021 के पहले हफ्ते में चुनाव आयोग वहां चुनाव तारीखों की घोषणा कर सकता है। बहरहाल, असम के साथ ही पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी चुनाव होने वाले हैं और इनकी धमक काफी पहले से सुनाई दे रही है। भाजपा ने चुनाव चाहे नगरपालिका के हो या पंचायतों के, विधानसभा के हो या लोकसभा के, उसे जहां पहली बार अपनी सहभागिता करनी थी एवं जहां जीत का परचम फहराना था, वहां उसके लिये कोई चुनाव छोटा या गैरमामूली नहीं होता। हैदराबाद के नगरपालिका चुनावों पर भी भाजपा की हफ्तों चहल–पहल हमने हाल में देखी है। लोकतंत्र के लिए निश्चित रूप से यह एक अच्छी बात है, इस सदाबहार चुनावी गहमागहमी की अगुआई भाजपा कर रही है। उसी ने इसको शुरू किया और वही आगे भी बढ़ा रही है।

इस बार चुनाव तो पांच विधानसभाओं के होने वाले हैं लेकिन दो राज्यों से ज्यादा ही चुनावी उग्रता एवं गहमागहमी की खबरें आ रही हैं। असम, जहां बीजेपी सत्ता में है और पश्चिम बंगाल, जहां वह पहली बार सत्ता की दौड़ में शामिल है। केरल में वाम मोर्चे की सरकार को चुनौती कांग्रेस की तरफ से है जबकि तमिलनाडु में मुख्य लड़ाई एआईएडीएमके और डीएमके के बीच है। पुडुचेरी में बीजेपी का कोई निर्वाचित विधायक नहीं है लेकिन तीन मनोनीत विधायकों के जरिये वहां विधानसभा में उसकी उपस्थिति बनी हुई है। केरल में मेट्रोमैन ई श्रीधरन के भाजपा मे आने और पुडुचेरी में छह विधायकों के इस्तीफे के कारण नारायण सामी सरकार गिरने के बाद कहा जाने लगा है कि इन राज्यों के चुनाव में भी भाजपा का दखल निर्णायक रहेगा। एक कमाल की बात इधर यह हुई है कि 'प्यार और जंग में सब जायज है', वाले सूत्रवाक्य में चुनाव में भी सब जायज ही जायज है, भले श्रीधरन की उम्र 80 हो। चुनाव में राजनीतिक दबाव बनाने के लिये सभी तरीकों को आजमाया जाना भी सभी आदर्श की बातों को किनारे कर देता है, बंगाल में भाजपा की सरकार का दावा किया जा रहा है और यह हकीकत बन भी सकता है क्योंकि ममता का पूरा ध्यान चुनाव में जीत पर केन्द्रित है और इसके चलते वह बंगाल के लिए कुछ ठोस करने में विफल साबित हुई हैं। यही वजह है कि आज भाजपा विकास की बात करते हुए साम–दाम–दंड–भेद, हर नीति को अपना रही है। उदाहरण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर पर सीबीआई टीम का पहुंचना है। घोटाले के हर आरोप की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी ही चाहिए, लेकिन जांच एजेंसियों की इस तेजी को चुनावों से जोड़कर देखने के लिए किसी अतिरिक्त प्रयास की जरूरत नहीं है।

भाजपा एवं तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक धमासान छिड़ा हुआ है, नरेंद्र मोदी और ममता बनर्जी दोनों के लिये यह चुनाव राजनीतिक प्रतिष्ठा का चुनाव है, इसलिये येन–केन–प्रकारेण जीत को सुनिश्चित करना दोनों का लक्ष्य है। इसके लिये 'जैसे को तैसा' का राजनीतिक दांव चला जा रहा है। एक आरोप उधर से उठता है, तो दूसरे यहां से लगाए जाते हैं। हालांकि, दोनों राजनीतिक योद्धाओं में समानताएं भी खूब हैं। दोनों जमीनी नेता हैं और उन्हें विरासत में राजनीति नहीं मिली। दोनों राजनीति में महारत हासिल है और दोनों लोकप्रिय भी खूब हैं– मोदी देश में, तो ममता राज्य में। ऐसे में, पूरा चुनाव मोदी बनाम ममता बन गया है। हालांकि, ममता के सामने मोदी को खड़ा करना भाजपा की मजबूरी भी है, क्योंकि राज्य में उसका कोई चेहरा नहीं है। देखा जाए, तो यही भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती भी है।

पांच चुनावों में सबसे आक्रामक चुनाव बंगाल का होने जा रहा है। इस चुनाव में राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप का स्तर एवं भाषा में जबर्दस्त गिरावट देखने को मिल रही है, तू–तू, मैं–मैं हो रही है। दोनों दल एक–दूसरे को सीधो–सीधे टक्कर दे रहे हैं। दोनों के लिये सिद्धान्त से अधिक अहमियत सत्ता की है। लेकिन बंगाल के लिये ज्यादा जरूरी अराजकता एवं अस्थिरता मिटाने के लिये सक्षम एवं प्रभावी नेतृत्व की है, जो भी दल आये उसकी नीति एवं निर्णय में निजता से अधिक निष्ठा की जरूरत है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर समृत ग्रामीण टूर्नामेंट बीकॉम में खेला गया

अवध की आवाज ब्यूरो

इटौंजा,लखनऊ। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समृद्धि ग्रामीण टूर्नामेंट भी बिकामऊ कला मेंआयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में शुकवार फाइनल मैच बेमिसाल बनाम पंचायत बख्शी का तालाब अध्यक्ष अरुण सिंह गप्पू विशिष्ट अतिथि उमेश सिंह श्रद्धा सिंह एवं रामदास गौतम मौजूद रहे मैच का आयोजन विश्वजीत सिंह भदोरिया द्वारा किया गया था जिसमें विशेष सहयोगी रहे राजकुमार




भी काम आओ कला के बीच खेला गया जिसमें व्यामशाला विजेता एवं बिकामऊ कला उप विजेता रही टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि रहे नगर गौतम धर्मेंद्र सिंह अशोक गौतम उत्तम कुमार संत रावत दुर्गा यादव श्याम सिंह योगेश सिंह पुत्र रावत बबलू सिंह लोग मौके पर मौजूद रहे।

## बख्शी का तालाब एनएच 24 सीतापुर रोड पर फोरव्हीलर ट्रैक्टर में मारी जोरदार टक्कर

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अंतर्गत **nh**–24 सीतापुर रोड चंदिका देवी गेट के सामने ईटों से भरा ट्रैक्टर में पीछे से फोरव्हीलर ने मारी जोरदार टक्कर बख्शी का तालाब से राशन गोदाम से लेकर जा रहा था। तभी से पीछे से भरे ट्रैक्टर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया और मारने से ट्राली में भरा सारा राशन सीतापुर रोड पर बिखर गया जिससे ग्रामीणों में अभी तक फ्री का मच गई।



## गलत सूचना देकर अफवाह फैलाने तथा शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अभियुक्त हुए गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी पुरवा के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत विगत दिनों में थाना असोहा में हुए सनसनीखेज घटना के सम्बंध में अफवाह फैलाने वाले तीन व्यक्तियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।



# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित

### ग्राम विकास अधिकारियों का किया गया संवेदीकरण




अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इन्सेफेलाइटिस से बचाव के लिए विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान व दस्तक अभियान कार्यक्रम एक मार्च से शुरू हो रहा है जो 31 मार्च तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को काकोरी विकास खंड में खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सभी ग्राम विकास अधिकारियों का संवेदीकरण किया गया। उन्होंने बताया यह अभियान स्वास्थ्य विभाग सहित 12 विभागों के साथ मिलकर चलाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग को इस अभियान का नोडल बनाया गया है। इसमें सभी विभागों की भूमिका अहम् है और यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। बीडीओ ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक (बीसीपीएम) प्रद्युम्न कुमार मौर्या ने वहां पर उपस्थित सभी लोगों को कार्यक्रम की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया। प्रद्युम्न ने बताया इस अभियान में आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को मच्छरजनित रोगों से बचाव के बारे में जागरूक करेंगी। लोगों को अपने घर व उसके आस–पास झाड़ियाँ न रखने, पानी इकठ्ठा न करने के बारे में बतायेंगी। साफ पानी के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए इंडिया मार्का –2 के पानी का प्रयोग करने के बारे में बतायेंगी। साथ ही बस्ती के पास सुअर बाड़े न रखने के बारे में बतायेंगी। इस दौरान फागिंग करायी जाएगी। यह सभी गतिविधियां सम्बंधित विभागों द्वारा सम्पादित की जाएँगी। बीसीपीएम ने बताया– इस बार दस्तक अभियान में पहली बार आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ घर – घर जाकर बुखार के रोगियों, टीबी के रोगियों, कुपोषित बच्चों , दिमागी बुखार से दिव्यांग हुए व्यक्तियों और जन्म और मृत्यु पंजीकरण से वंचित लोगों की सूची बनायेंगी। इस मौके पर यूनीसेफ ब्लाक सचल समन्वयक(बीएमसी) सुनीता उपाध्याय, मलेरिया निरीक्षक सीमा शुक्ला, स्वास्थ शिक्षा अधिकारी शशि भूषण भारती तथा सभी विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जहानी खेड़ा में 23 ट्रक चालको को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी और कोरोना के बचाव के लिए किया गया प्रशिक्षण का आयोजन

अवध की आवाज ब्यूरो

हरदोई। जहानीखेड़ा, कैस्ट्रोल सारथी मित्र द्वारा 23 ट्रक चालकों का प्रशिक्षण लरनेट स्किल्स द्वारा किया गया जिसमे चालको को भारत सेना के सेवानिवृत्त राजेन्द्र सिंह सड़क सुरक्षा के नियम,धन संम्बंधी बचाव, सरकार द्वारा चलाई जा रही बीमा की योजनाये और कोरोना से बचाव सम्बन्धी डिजिटल प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ट्रक चालको को एक बैग, एक बोतल सैनिटाइजर, एक बोतल हैंडवास, एक मास्क,एक जोड़ी दस्ताने, एक फेस शील्ड आदि कोरोना के बचाव के लिए दिया गया, 100 रुपये का इंटरनेट का रिचार्ज भी दिया गया जिससे चालक आसानी से ऑनलाइन प्रशिक्षण ले सके।


लरनेट स्किल्स के बारे में जानकारी देते हुए विपुल मिश्रा द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण उत्तरप्रदेश के कई जिलों में ये कार्यक्रम चल रहा है ये योजना खासकर ट्रक चालकों के लिए है जिसमे चालको की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये एक फोन नंबर भी चालको को दिया जाता है जिसके माध्यम से दिन में किसी भी समय चालक अपनी समस्याओं को बता सकता है और उसका समाधान निकालने का पूरा प्रयास किया जाता है।पिछले सत्र ये प्रशिक्षण केवल लखनऊ ट्रांसपोर्ट नगर में चलाया गया था जिसमे 3000 चालको को लाभ मिला था इस वर्ष कोरोना के कारण ये ऑनलाइन चलाया जा रहा है उत्तर प्रदेश के 12 जिलों में इसकी शाखा है।



राम लखन सविता द्वारा बताया गया कि लरनेट स्किल्स बहुत बड़ी एक संस्था है जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना भी चल रही है जिसमे बेरोजगारों को प्रशिक्षण दिलाकर कई कंपनियों में नौकरी दी जा रही है उसके साथ ही साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए बेरोजगारों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। तथा ये भी कहा गया कि संस्था निरन्तर इस प्रकार के कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सहयोग करती रहती है। समाज को इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता है ताकि समाज को एक नई दिशा दी जा सके। जहानी खेड़ा पुलिस चौकी के चौकी इंचार्ज रामकेवल तिवारी द्वारा कहा गया कि ये प्रशिक्षण आपलोगों के लिए जीवनदायिनी की तरह सवित होगा, बताई गई बातों पर ध्यान दें, व अपना एवम् अपने परिवार का जीवन खुशहाल करें। मैं कस्ट्रोल सारथी मित्र लर्नेट स्किल्स का धन्यवाद देता हूं।

# सनी लियोनी की बेटी निशा का वीडियो जीत रहा सबका दिल

मुंबई, (वेबवार्ता)। सनी लियोनी की बेटी निशा कौर का एक सबसे प्यारा वीडियो इस वक्त इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो एयरपोर्ट का है, जहां निशा अपने पापा डेनियल वेबर को देखकर दौड़कर उनके गले लग जाती है। इस दौरान पीछे सनी लियोनी के



दोनों बेटे नोह और अशर का एक्साइटमेंट भी देखने लायक है। सनी लियोनी 'एमटीवी स्प्लिट्सविला 13' की शूटिंग केरल में कर रही थीं और बीती शाम (गुरुवार) को वह मुंबई लौटीं। इसके बाद एयरपोर्ट पर जो नजारा दिखा वह वहां मौजूद पपराजियों के कैमरों में कैद हो गया। सनी के साथ उनके तीनों बच्चे भी इस शूटिंग पर साथ थे। सनी के हसबैंड डेनियल पहले से ही एयरपोर्ट पर अपनी फैमिली के लौटने का इंतजार कर रहे थे।
पापा–बेटी का यह वीडियो इंटरनेट पर फैन्स को खूब दिल जीत रहा है। डेनियल अपने बच्चों को गले लगाने के लिए वहीं घुटने के बल बैठ जाते हैं और फिर तीनों बच्चे उनकी तरफ दौड़ पड़ते हैं। इस वीडियो में पापा डेनियल को देखकर निशा सबसे तेज दौड़ लगाती है और पापा को गले लगाकर खुशी से उछलती नजर आ रही है। पीछे निशा के दोनों भाई भी अपने पापा डेनियल से लिपटते दिखते हैं। निशा की हंसी और खुशी ऐसी है जिसे देखकर हर कोई दिल हार रहा। वीडियो के अंत में डेनियल और सनी लियोनी मास्क उतारकर एक–दूसरे को KISS करते नजर आ रहे हैं। फैन्स निशा और डेनियल के इस वीडियो पर खूब जमकर कॉमेंट कर रहे हैं। कोई इसे अनकंडिशनल और सच्चा प्यार कह रहा तो कोई सनी लियोनी और डेनियल के इस बच्ची के गोद लेने की तारीफ कर रहा। लोग कह रहे हैं कि बच्चों के एक्सप्रेशंस सारा साच बयान कर रहे हैं। बता दें कि साल 2017 में सनी लियोनी और उनके पति डैनियल वेबर ने निशा को लातूर (महाराष्ट्र) के चाइल्ड होम से गोद लिया था। वहीं नोह और अशर सरॉगसी से हुए हैं। सनी और डेनियल अपने तीनों बच्चों के साथ खुशहाल लाइफ को इंजॉय कर रहे हैं।

# लेडी गागा के दो डॉगी लेकर भाग निकले बदमाश, कुत्ते घुमाने वाले को मारी गोली, 5 लाख डॉलर का इनाम

लॉस एंजिलस, (वेबवार्ता)। मशहूर सिंगर और ऐक्ट्रेस लेडी गागा के पालतू कुत्तों को घुमाने वाले रायन फिशर को बुधवार रात लॉस ऐंजिलिस में एक व्यक्ति ने गोली मार दी। बताया जा रहा है कि लूट के इरादे से अंजाम दी गई इस घटना में लेडी गागा के 2 फ्रेंच बुलडॉग चुरा लिए गए हैं। घायल फिशर को तुरंत पास के हॉस्पिटल ले जाया गया जहां से अभी तक उसकी हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। खबरों के मुताबिक हमलावर ने सेमी–ऑटोमैटिक हैंडगन से हमला किया था। लेडी गागा के प्रतिनिधि ने घटना को कन्फर्म करते हुए बताया है कि 2 फ्रेंच बुलडॉग कोजी और गुस्ताव गायब हैं। हालांकि एक डॉगी मिस एशिया हमलावर के चंगुल से भाग निकली है और पुलिस ने बाद में उसे पकड़कर लेडी गागा को दे दिया है। लेडी गागा ने अपने मिसिंग कुत्तों की जानकारी देने पर 5 लाख डॉलर के इनाम की घोषणा की है। लेडी गागा की फैमिली में शामिल होने वाला गुस्ताव सबसे नया डॉगी था। उन्होंने 2016 में ही कुल 3 डॉगी को अडॉप्ट किया था और इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की थी। ऐक्ट्रेस ने एक ईमेल आईडी भी शेयर की है जिसमें कोई भी व्यक्ति लापता कुत्तों के बारे में जानकारी दे सकता है। अभी लेडी गागा रोम में अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही हैं।

# बिपाशा बसु ने समंदर किनारे पूल में की मस्ती

मुंबई, (वेबवार्ता)। बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर ने मालदीव से कुछ मजेदार वीडियोज शेयर किए हैं। मालदीव के रेजॉर्ट में दोनों स्विमिंग पूल का मजा लेते दिख रहे हैं। बिपाशा ने इस वीडियो को शेयर करते हुए इसे जन्नत बताया है। बता दें कि करण सिंह ग्रोवर का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए दोनों मालदीव पहुंचे हैं। पिछले दिनों बिपाशा बसु ने इस धमाकेदार सेलिब्रेशन का वीडियो भी शेयर किया, जिसमें समंदर की लहरों के बीच दोनों मस्ती करते दिखे। बिपाशा पिंक स्विमवेयर में पूल में पानी के बीच काफी मस्ती करती दिख रही हैं। करण सिंह ग्रोवर ने भी अपना वीडियो शेयर किया है जिसमें वह पूल को इंजॉय करते दिख रहे हैं। इसके अलावा करण



ने एक और वीडियो शेयर किया है, जिसका कैप्शन डांसिंग मंकी लिखा है। इस वीडियो में दोनों अपने कमरे में जमकर डांस करते दिख रहे हैं। इस वीडियो को बिपाशा शूट कर रही हैं और दोनों कैमरे के सामने मस्ती करते नजर आ रहे हैं।

# सारा खान ने 'सन सनाना' पर किया करीना कपूर जैसा डांस

मुंबई, (वेबवार्ता)। टीवी की मशहूर ऐक्ट्रेस सारा खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में 'बिदाई' फेम सारा करीना कपूर के सॉन्ग 'सन सना नाना' पर डांस कर रही हैं। 'अशोका' फिल्म के इस गाने पर सना का अंदाज न सिर्फ देखने लायक है, बल्कि उनकी दिलकश अदाएं देख फैन्स आंहे भर रहे हैं। मजेदार बात यह है कि सारा खान ने गाने पर डांस करने के लिए करीना कपूर जैसे ही कपड़े भी पहन रखे हैं।
सारा खान टीवी शो 'सपना बाबुल का... बिदाई' सीरियल से खूब पॉप्युलर हुई थीं। उनके किरदार 'साधना' को खूब पसंद किया गया था। सारा 2007 में मिस भोपाल का टाइटल भी जीत चुकी हैं। सारा ने पाकिस्तानी ड्रामा 'तुझसे है राबता' में भी काम किया है।सारा ने 2010 में टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 4' में भी हिस्सा लिया था। इसी शो के दौरान उनकी शादी भी हुई, जिस कारण वह खूब चर्चा में रहीं। हालांकि, बाद में अली मर्चेंट के साथ उनकी यह शादी महज दो महीनों बाद ही टूट गई।



सारा 'शक्ति– अस्तित्व के एहसास की', 'ससुराल सिमर का' और 'प्यार तूने क्या किया' जैसे कई हिट शोज में भी नजर आ चुकी हैं।

# सिनेमाघर में चल रही थी 'करण अर्जुन', लोगों ने फोड़े पटाखे तो लग गई भीषण आग

मुंबई, (वेबवार्ता)। महाराष्ट्र के मालेगांव में स्थित एक सिनेमा हॉल में तब आग लग गई जब कुछ दर्शकों ने अंदर पटाखे फोड़ दिए। सिनेमाघर में मशहूर बॉलिवुड फिल्म



'करण अर्जुन' चल रही थी और इसी दौरान कुछ लोगों ने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया।
इसके अलावा थिअटर ओनर्स ने कोविड–19 के नियमों का भी पालन नहीं किया जिसमें सिनेमाघर के अंदर लोगों का मास्क पहनना जरूरी था। अब सोशल मीडिया पर सिनेमाघर में आग लगने के विजुअल्स वायरल हो रहे हैं। वायरल वीडियोज में एक–एक करके पटाखे दगते दिख रहे हैं जिससे अचानक तेज आग पकड़ लेती है और सब धू–धूकर जलने लगता है। इसमें लोग बिना मास्क पहने फिल्म देखते नजर आ रहे हैं और हर कोई महाराष्ट्र सरकार की नई गाइडलाइंस को फॉलो करता नहीं दिख रहा है। जब आग तेजी के साथ बढ़ने लगी, तब लोग सिनेमाघर से भागने लगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिनेमाघर के ओनर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बता दें, महाराष्ट्र में एक बार फिर कोरोना के केस बढ़ रहे हैं और सरकार ने नई गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। बात करें फिल्म की तो 'करण अर्जुन' साल 1995 में रिलीज हुई थी और यह उस साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। फिल्म में शाहरुख खान और सलमान खान लीड रोल्स में हैं।

# शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स एक हजार अंक से अधिक फिसलाः निफ्टी 14,900 अंक से नीचे

मुंबई, (वेबवार्ता)। वैश्विक बाजारों की गिरावट के बीच कई बड़ी कंपनियों के शेयरों के भाव नीचे आने से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स एक हजार अंक से अधिक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स एक समय 49,950.75 अंक पर आ गया था। हालांकि इसने कुछ सुधार दर्ज की और 927.21 अंक यानी 1.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,112.10 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी प्रकार, एनएसई निफ्टी 270.40 अंक यानी 1.79 प्रतिशत नीचे 14,826.95 अंक पर था। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक में सर्वाधिक तीन प्रतिशत की गिरावट रही। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, एमएंडएम, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी गिरावट रही। दूसरी ओर, नेस्ले इंडिया, मारुति सुजुकी, एचयूएल और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त में रहे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 257.62 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,039.31 अंक पर और निफ्टी 115.35 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 15,097.35 अंक पर बंद हुआ था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पूंजी बाजार में शुद्ध खरीदार बने हुए हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को 188.08 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्की दोपहर के कारोबार में ठीक–ठाक गिरावट में था। इस बीच, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65.70 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# तमिलनाडु, पुडुचेरी में सड़क परियोजनाओं के लिये सबसे कम बोली वाली कंपनी बनी दिलीप बिल्डकॉन

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। दिलीप बिल्डकॉन ने शुक्रवार को कहा कि वह तमिलनाडु और पुडुचेरी में राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन बनाने वाली परियोजना के लिये सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी बन गयी है। कंपनी ने शेयर बाजारों से कहा, ''कंपनी को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा तमिलनाडु और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में मंगायी गयी निविदाओं के लिये एल–1 बोलीदाता घोषित किया गया है।'' एल–1 बोलीदाता का अर्थ होता है, वह कंपनी, जिसने सबसे कम बोली लगायी है। कंपनी ने बताया कि दो निविदाएं एनएच 45 ए (न्यू एनएच 332) के विलुप्पुरम पुडुचेरी खंड और एनएच –45 ए के पुडुचेरी–पूंडियनकुप्पम खंड के लिये हैं। ये भारतमाला परियोजना के पहले चरण का हिस्सा हैं। दोनों परियोजना की कुल लागत 2,241 करोड़ रुपये है। दिलीप बिल्डकॉन का शेयर बीएसई पर 3.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 692 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

# अमेरिका ने सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया गुटों के ठिकानों पर किया हवाई हमला


वाशिंगटन, (वेबवार्ता)। अमेरिका ने इराकी सीमा के पास ईरान समर्थित मिलिशिया गुटों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए बृहस्पतिवार को हवाई हमले किए। पेंटागन ने कहा कि ये हवाई हमले इराक में इस माह की शुरुआत में किए गए रॉकेट हमले की जवाबी कार्रवाई है। रॉकेट हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और अमेरिकी सेना का एक जवान तथा अमेरिका नीत सैन्य गठबंधन के कई अन्य लोग घायल हो गए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता में आने के बाद यह सेना द्वारा किया पहला हवाई हमला है। बाइडन का सीरिया में हमले का यह कदम क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को बढ़ाने का नहीं बल्कि इराक में अमेरिकी सैनिकों की रक्षा करने की उनकी प्रतिबद्धता दर्शाता है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा, "हमें पता है कि हमने किसे निशाना बनाया है।" उन्होंने कहा, "हमें विश्वास है कि जिस स्थान को निशाना बनाया गया उसका इस्तेमाल शिया आतंकवादी हवाई हमले में करते हैं।" गौरतलब है कि उत्तरी इराक में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास रॉकेट हमला किया गया था, जिसमें अमेरिकी सेवा के एक असैन्य कॉन्ट्रेक्टर की मौत हो गई थी और गठबंधन के कई अन्य लोग घायल हो गए थे। इस हवाईअड्डे के पास ही में अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थित है। ऑस्टिन ने कहा कि उन्होंने ही बाइडन को इस कार्रवाई का सुझाव दिया था। इससे पहले, पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने अमेरिका कार्रवाई को एक "नपी तुली सैन्य प्रतिक्रिया" करार दिया था।

## वुड्स की कार के ब्लैकबॉक्स से हादसे के कारणों का पता करेंगे जांचकर्ता

डेट्रॉयट, (वेबवार्ता)। महान गोल्फर टाइगर वुड्स के साथ हुई सड़क दुर्घटना की जांच कर रहे अधिकारी उनकी जेनेसिस एसयूवी के 'ब्लैक बॉक्स' के जरिये पता करेंगे कि आखिर उस दिन हुआ क्या था। हुंदई कंपनी की लक्जरी गाड़ी 2021 जीवी 80 में डाटा रिकॉर्डर का नया संस्करण है जिसे 'ब्लैक बॉक्स' कहा जाता है। इससे कार की रफ्तार, ब्रेक, गैस पैडल वगैरह के बारे में जानकारी मिल जायेगी। यह बॉक्स डैशबोर्ड के नीचे या सीट के नीचे होता है। वुड्स लॉस एंजलिस में कार दुर्घटना का शिकार हुए जिसमें उनके पैर में गंभीर चोट आई है। काउंटी के शेरीफ ने बताया कि वुड्स नशे में नहीं थे और अकेले ड्राइव कर रहे थे। उनकी कार सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई।

# बालाकोट एयर स्ट्राइक की सफलता आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत इच्छाशक्ति दर्शाती है: राजनाथ

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि बालाकोट एयर स्ट्राइक की सफलता आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत इच्छाशक्ति दर्शाती है। सिंह ने ट्वीट किया, "बालाकोट एयर स्ट्राइक की वर्षगांठ पर मैं भारतीय वायु सेना के अभूतपूर्व साहस और शौर्य को सलाम करता हूं। बालाकोट एयर स्ट्राइक आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत इच्छाशक्ति दर्शाती है। हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है जो भारत की रक्षा में तत्पर हैं।" भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने 26 फरवरी, 2019 को नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी को आतंकवादी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 कर्मियों के शहीद होने की घटना के बाद यह एयर स्ट्राइक की गई थी।



## प्रियंका गांधी ने भरतपुर मामले में कार्रवाई के लिए गहलोत को धन्यवाद दिया

जयपुर, (वेबवार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भरतपुर में दुष्कर्म के एक मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद किया है। प्रियंका



ने शुक्रवार को ट्वीट किया,'भरतपुर मामले में संज्ञान लेकर शीघ्रता से न्यायोचित कार्रवाई करने के लिए अशोक गहलोत जी का बहुत धन्यवाद।' उन्होंने लिखा,'कोई भी राजनीतिक व्यवस्था महिलाओं के प्रति संवेदनशील हुए बिना प्रगति नहीं कर सकती।' उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश में मथुरा जनपद के पालीखेड़ा गांव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की सभा में कुछ लोगों ने यह मामला उठाया था। सभा में मंच के समक्ष करीब दर्जनभर लोगों ने तख्तियां दिखाते हुए राजस्थान की एक लड़की को राज्य सरकार से न्याय दिलाने की मांग करनी शुरू कर दी। प्रियंका गांधी इन लोगों से मिलीं व उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उसी समय मुख्यमंत्री गहलोत से बात की। इसके बाद पुलिस ने भरतपुर जिले के जुरहरा थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष दर्ज दुष्कर्म मामले में पीड़िता और उसके परिजनों को सुरक्षा मुहैया करवा दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलिस से इस संबंध में रिपोर्ट मंगवाकर कार्रवाई के लिये आवश्यक निर्देश दिये।

## महाराजगंज में सड़क हादसे में दो की मौत, पांच घायल

महाराजगंज, (वेबवार्ता)। जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप और ट्रैक्टर–ट्राली की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बोलेरो और ट्रैक्टर–ट्राली के बीच बृहस्पतिवार की रात कोठीभार थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव के पास टक्कर हुई। हादसे में बोलेरो सवार राजेश यादव (40) और विनोद प्रसाद (45) की मौत हो गई, जबकि कमलेश (45), आनंद (16), दुर्गेश यादव (50), रशुल (40) और रामसमुझ (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई। दोनों मृतक कुशीनगर जिले के निवासी हैं।

## बरेली, मेरठ और मथुरा में विकास योजनाओं को परखेंगे श्रीकांत

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा शुक्रवार, शनिवार और रविवार को बरेली, मेरठ तथा मथुरा वृंदावन की विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। आधिकारिक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि श्री शर्मा आज बरेली के विकास भवन में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। इसके बाद वे मेरठ के लिए निकल जाएंगे। रात्रि में मेरठ में पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक में सम्मिलित होंगे। शनिवार सुबह विकास भवन सभागार में जिले की सभी विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद मथुरा एवं वृंदावन के विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक करेंगे। शाम को वृंदावन कुम्भ मेला क्षेत्र की सुविधाओं का निरीक्षण करेंगे। रविवार सुबह मेला क्षेत्र की सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद विधान सभा सत्र में प्रतिभाग के लिए लखनऊ को प्रस्थान करेंगे।

## बाघिन 'अवनी' मामले पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में महाराष्ट्र के यवतमाल में आदमखोर करार देकर मारी गयी बाघिन अवनी के मामले पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस एसए बोब्डे की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले को फिर से खोलना नहीं चाहते क्योंकि बाघिन को मारने की इजाजत सुप्रीम कोर्ट से ली गई थी। पशु अधिकार कार्यकर्ता संगीता डोगरा का दावा था कि अवनी के आदमखोर होने के सबूत पोस्टमार्टम में नहीं मिले थे। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह कर अवनी को मारने का आदेश दिया था। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि बाघिन को पहले बेहोश कर रेस्क्यू सेंटर ले जाने की कोशिश हो लेकिन अगर मारने के अलावा कोई विकल्प न हो तो तभी उसे मारा जाए। कोर्ट ने कहा था कि मारने वाले को कोई पुरस्कार नहीं दिया जाए।

# हिमाचल विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन विपक्ष का भारी हंगामा

### राज्यपाल का रोका रास्ता, टोकाटाकी के बीच अभिभाषण अधूरा ही पढ़ा

शिमला, (वेबवार्ता)। हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन शुक्रवार को हंगामेदार रहा तथा कार्यवाही महज 20 मिनट में ही खत्म हो गई। सत्र के आरंभ में सुबह 11 बजे राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जैसे ही अपना अभिभाषण पढ़ने लगे, तो नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री सहित विपक्षी सदस्यों ने एलपीजी सिलेंडर, डीजल व पेट्रोल की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाते हुए अभिभाषण का विरोध शुरू कर दिया। हंगामे और टोकाटाकी के बीच राज्यपाल ने अभिभाषण अधूरा ही पढ़ा और यह कहकर कि इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए अभिभाषण खत्म कर दिया। इसी दौरान विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए और उस प्रवेश द्वार के बीचोबीच बैठ गए, जहां से राज्यपाल ने निकलना था। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने पर जब राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सदन से निकलकर राजभवन की तरफ प्रस्थान करने लगे, तो विपक्षी सदस्यों ने उनका घेराव कर दिया। इस दौरान दोनों दलों के सदस्यों के बीच धक्का–मुक्की भी देखी गई और धक्का लगने से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज गिर गए। माहौल बिगड़ने पर पुलिस के जवानों ने मोर्चा संभाला और सुरक्षा घेरा बनाकर राज्यपाल को सुरक्षित ले जाकर उनके वाहन में बिठाया। विधानसभा में सम्भवतः पहली बार इस तरह का घटनाक्रम देखने को मिला है। नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में प्रदेश सरकार द्वारा तैयार किये गए अभिभाषण के दस्तावेज को झूठ का पुलिंदा और कचरा करार दिया। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में भर्तियों में धांधली, बैकडोर भर्तियों और घोटालों का कोई जिक्र नहीं है।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।